04 सात करोड़ में बने बैराज की 18 करोड़ से होगी मरम्मत



07 इंटकवेल की केबल जलने से नहीं मिला नर्मदा जल...



## खबर संक्षेप

### जिला प्रभारी ने मकान गणना निरीक्षण किया

**नर्मदापुरम।** शासन के निर्देशानुसार जनगणना 2026-27 के तहत नगर में चल रहे मकान गणना के कार्य का आज जिला प्रभारी जनगणना नर्मदापुरम, अतिरिक्त चार्ज जनगणना अधिकारी और लिपिक द्वारा निरीक्षण किया गया। अतिरिक्त चार्ज जनगणना अधिकारी एवं कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर नगरपालिका का अमला मकान गणना के कार्य में जुटा हुआ है। मंगलवार को नगर में चल रही मकान गणना के कार्य का जिला प्रभारी जनगणना नर्मदापुरम आयुषी यादव द्वारा स्लम बस्तियों का निरीक्षण किया गया। मकान गणना के कार्य को दो दिवस में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जनगणना लिपिक सुनील राठौर उपस्थित रहे।

### जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 12 को

**नर्मदापुरम।** जिला जल उपयोगिता समिति, जिला नर्मदापुरम की बैठक कलेक्टर नर्मदापुरम एवं अध्यक्ष, जिला जल उपयोगिता समिति सोनिया मीना की अध्यक्षता में 12 मार्च को दोपहर 12 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित की गई है। उक्त बैठक में कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला जल उपयोगिता समिति द्वारा तवा जलाशय में वर्तमान जल भंडारण की स्थिति, ग्रीष्मकालीन फसलों की सिंचाई वर्ष 2026-27, हेतु नहरों से जल प्रवाह संचालन एवं दिनांक का निर्धारण होगा।

### सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना से हुई आरोपियों की पहचान

# बाइक सवार ने महिला के गले से खींची चैन पुलिस ने चंद घंटे में स्नैचर को धर दबोचा

पिपरिया में पुलिस ने दिखाया अपना तेज़ और प्रभावी अंदाज़। महिला से बाइक सवार बदमाशों द्वारा सोने की चैन छीने जाने के मामले में पुलिस ने घंटों के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की चैन बरामद कर ली। वहीं, नर्मदापुरम में तकनीकी मदद से 18 खोए हुए मोबाइल फोन भी खोजकर उनके असली मालिकों को लौटाए गए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पिपरिया शहर में महिला से हुई चैन स्नैचिंग की वारदात का पुलिस ने कुछ ही घंटों में खुलासा कर दिया। थाना क्षेत्र में बाइक सवार बदमाशों द्वारा महिला के गले से सोने की चैन छीनकर फरार होने के मामले में पुलिस ने एक युवक और एक किशोर को गिरफ्तार कर लिया, जबकि चोरी की चैन खरीदने वाले सुनार को भी आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से करीब दो तोला वजनी सोने की चैन बरामद की है। पुलिस के अनुसार 9 मार्च 2026 को अंजना चतुर्वेदी निवासी पचमढ़ी रोड, पिपरिया शाम के समय मीठी गली से रेलवे स्टेशन की ओर जा रही थीं। इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाशों ने उनके गले से सोने की चैन झपट ली और मौके से फरार हो गए। पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना पिपरिया में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले को गंभीरता से लेते एसपी साईं कृष्णा एस थोटा के निर्देश पर



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन और एसडीओपी मोहित कुमार यादव के मार्गदर्शन में टीम गठित की गई। टीम का नेतृत्व थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी ने किया। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले, जिससे आरोपियों की पहचान साकिब खान और एक किशोर के रूप में हुई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दोनों को उसी रात रेलवे अंडरब्रिज के पास सुनसान इलाके से मोटरसाइकिल एम पी 05 एम के 8040 सहित हिरासत में ले लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने छीनी गई सोने की चैन रितिक सोनी निवासी शोभापुर रोड को बेच दी है। पुलिस ने सुनार को भी आरोपी बनाते हुए उसके पास से करीब दो तोला वजनी सोने की चैन बरामद कर ली। मामले में तीनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के तहत कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में निरीक्षक गिरीश त्रिपाठी, उनि राजेंद्र सिंह कुशवाहा, सउनि सुशील कुशवाहा, प्रआ पूरमचंद, प्रआ महेंद्र गौर, आ प्रकाश खेमरिया, प्रआर अरूण जुदेव आदि की भूमिका रही।

### कोतवाली पुलिस की बड़ी सफलता: गुम हुए 18 मोबाइल फोन बरामद, मालिकों को सौंपे



**नर्मदापुरम।** थाना कोतवाली पुलिस ने तकनीकी सहायता से गुम हुए मोबाइल फोन तलाशने में बड़ी सफलता हासिल करते हुए 18 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सुपुर्द किए हैं। बरामद किए गए मोबाइल फोन की कुल कीमत लगभग 2 लाख 60 हजार 88 रुपये बताई जा रही है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस थोटा के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन तथा एसडीओपी जितेंद्र पाठक के निर्देशन में की गई। पुलिस के अनुसार वर्ष 2026 में थाना कोतवाली में कई आवेदकों द्वारा मोबाइल गुम होने अथवा गिर जाने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। इन शिकायतों के आधार पर पुलिस ने मोबाइल के आई एम ई आई नंबर को सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर पोर्टल पर सर्च किया। तकनीकी लोकेशन मिलने के बाद पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए 18 मोबाइल फोन बरामद कर लिए। बरामद किए गए सभी मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को विधिवत सुपुर्द कर दिए गए, जिससे आवेदकों ने पुलिस की कार्यप्रणाली की सराहना की। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि मोबाइल गुम होने या चोरी होने की स्थिति में तुरंत नजदीकी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराएं। सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करने के लिए मोबाइल का बिल, आधार कार्ड और ऑनलाइन शिकायत क्रमांक आवश्यक होता है।

# भीषण सड़क हादसा, कार टकराने से युवक की मौत

### बुदनी थाना क्षेत्र में देर रात हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

बुदनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत गडरिया नाले पर बने नेशनल हाईवे ओवरब्रिज पर देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर दूसरी लेन में पहुंच गई और सामने से आ रहे वाहन से टकरा गई। हादसे में कार सवार एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।घटना की सूचना मिलते ही एसडीओपी रवि शर्मा और उपनिरीक्षक संदीप जाट पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तत्काल घायलों को एंबुलेंस के जरिए अस्पताल भिजवाने की व्यवस्था कराई। पुलिस के अनुसार कार में सवार सभी लोग नर्मदापुरम से भोपाल की ओर जा रहे थे। कार में चार लोग सवार थे, जिनमें से तीन मंडीदीप के निवासी और एक रायसेन जिले के बरेली का रहने



वाला था। हादसे में मनीष उर्फ मिंटू वर्मा पुत्र हुकुमचंद, निवासी मंडीदीप की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कृष्णकांत वर्मा पुत्र हेमराज, निवासी मंडीदीप, देवेंद्र विश्वकर्मा पुत्र धनराज सिंह और दीपेश शर्मा पुत्र महेश शर्मा, निवासी बरेली गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से सिविल अस्पताल बुधनी ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल युवकों को मधुबन अस्पताल और जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम रेफर किया गया। सिविल अस्पताल बुधनी में मृत युवक के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दिल्ली में तरुण की हत्या से खटीक समाज में आक्रोश

**इटारसी।** विगत दिनों दिल्ली में होली पर्व पर तरुण बुटोलिया खटीक की नृशंस हत्या की घटना से देशभर के साथ खटीक समाज में भी आक्रोश है। खटीक समाज के अनुसार यह वारदात निंदनीय और दुखद है। तरुण की हत्या से संपूर्ण मप्र अखिल भारतीय खटीक समाज आक्रोशित है। उनका कहना है कि यह केवल एक व्यक्ति की हत्या नहीं बल्कि कानून व्यवस्था और मानवीयता पर सीधा प्रहार है। नर्मदापुरम खटीक समाज के जिलाध्यक्ष राहिल सोनकर ने मांग की है कि इस जघन्य अपराध के दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए ताकि समाज में न्याय सुरक्षा का संदेश जाए। ऐसी घटनाएं किसी भी समाज के लिए अस्वीकार्य है। पीड़ितों को न्याय नहीं मिला तो समाज प्रदेशाध्यक्ष के नेतृत्व में सड़कों पर विरोध करेगा।

# नर्मदापुरम में बाल श्रम के विरुद्ध जागरुकता अभियान

### छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक से दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शासकीय गृह विज्ञान अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जिला प्रशासन के निर्देशानुसार बाल मजदूरी एवं बाल श्रम के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन के मार्गदर्शन में तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हर्षा चचाने एवं पूजा गोस्वामी के सहयोग से आयोजित किया गया।

अभियान के अंतर्गत सतरस्ते क्षेत्र में छात्राओं द्वारा बाल मजदूरी और बाल श्रम विषय पर एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। नाटक के माध्यम से छात्राओं ने समाज में व्याप्त बाल श्रम की समस्या को उजागर करते हुए आमजन को इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर लोगों को यह भी बताया गया कि यदि कहीं कोई बच्चा मजदूरी करता हुआ दिखाई दे तो इसकी सूचना तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर दें, ताकि संबंधित विभाग द्वारा बच्चों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके और उन्हें शिक्षा से जोड़ा जा सके। कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों को बाल अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया तथा यह संदेश दिया गया कि बाल श्रम को रोकना समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। नुक्कड़ नाटक में करिश्मा यादव, नंदनी यादव, महक अहिरवार, रवीना दुबे, निर्मला राजपूत, उमा, कंचन, सानिया सोलंकी आदि मौजूद थी।

# पर्यावरण संरक्षण में भारत की वैश्विक पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने उच्च सदन में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के कार्यों पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत 'पारिस्थितिक कूटनीति' के माध्यम से विश्व को पर्यावरण संरक्षण की नई दिशा दे रहा है। उन्होंने बताया कि 2012-13 में मंत्रालय का बजट 2,430 करोड़




था, जिसे 2026-27 में बढ़ाकर 3,759.46 करोड़ किया गया है। नारोलिया ने कहा कि 2014 में देश में 26 रामसर स्थल थे, जो अब बढ़कर 98 हो गए हैं। वर्ष 2025 में इंदौर को देश का पहला "रामसर वेटलैंड सिटी" घोषित किया गया, जो मध्य प्रदेश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने बताया कि विश्व के 75 प्रतिशत जंगली बाघ भारत में हैं और उनकी संख्या 1,706 से बढ़कर 3,682 हो गई है। नर्मदापुरम क्षेत्र का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि 'नगर वन योजना' से पर्यटन और पर्यावरण में संतुलन बन रहा है, जबकि स्वच्छ वायु अभियान और 'एक पेड़ माँ के नाम' जैसे कार्यक्रम जनभागीदारी को मजबूत कर रहे हैं।

# जिले में नरवाई जलाने पर सख्त प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले में खेतों में खड़ी फसल की नरवाई (पराली) जलाना संपूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। इस कदम का उद्देश्य है फसल अवशेषों को आग के माध्यम से नष्ट करने से होने वाली अग्नि दुर्घटनाओं, जन-धन हानि और पर्यावरणीय नुकसान को रोकना। नरवाई जलाने से मिट्टी के सूक्ष्म जीवाणु नष्ट होते हैं, मिट्टी की उर्वरता कम होती है और कृषि उत्पादन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। यह प्रतिबंध नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल एक्ट के तहत जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप लागू किया गया है। आदेश जारीकर्ता: कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सोनिया मीना के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अनिल जैन द्वारा जिले की भौगोलिक सीमा में खेतों में नरवाई (पराली) जलाने पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं। नरवाई जलाने वाले किसानों और अन्य व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उल्लंघन करने वालों को अर्थदंड, दंडात्मक जुर्माना और कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। अनियंत्रित आग से जनसंपत्ति, प्राकृतिक वनस्पति, जीव-जंतु और फसल को भारी नुकसान पहुंच सकता है।

# बसंत और फाग की संस्कृति के साथ आज रंगोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

बसंत, फाग और होली की उत्सवी परंपरा को समर्पित रंगोत्सव का आयोजन आज किया जाएगा। यह कार्यक्रम सोल फाउंडेशन भारत और साथी जनशिक्षण एवं संस्कृति समिति नर्मदापुरम के संयुक्त तत्वावधान में, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नर्मदापुरम के सहयोग से आयोजित होगा।

कार्यक्रम में नैतिक सिंह राजपूत और दीपक सिंह पोरवाल (लखनऊ) का गायन, ओपी शर्मा, आनंद नामदेव, आदित्य परसाई एवं समूह का फाग गायन तथा शिव शक्ति भजन मंडल द्वारा होरी लोकगीत प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके साथ ही धन्या दायमा, टिशु किरार, प्रकृति दायमा और रेखा दायमा द्वारा नृत्य प्रस्तुतियां दी जाएंगी। सीहोर के चारूलता चौरे एवं समूह फागुन रासरंग और लखनऊ की तनुजा ओली सनवाल एवं समूह होली महारास नृत्य प्रस्तुत करेंगे। आयोजकों के अनुसार रंगोत्सव का उद्देश्य बसंत, फाग और होली की पारंपरिक संस्कृति को संजोना और लोगों को उससे जोड़ना है।

# आपदा बचाव में घरेलू वस्तुओं की मदद से बचाव सामग्री तैयार करने विधि समझाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नर्मदापुरम द्वारा आपदा बचाव एवं जनसुरक्षा अभियान के तहत विवेकानंद घाट पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस एवं होमगार्ड के अधिकारियों और जवानों ने आम नागरिकों और स्नानार्थियों को विभिन्न आपदाओं से बचाव के उपायों की जानकारी दी। अभियान का नेतृत्व अमृता दीक्षित ने किया। कार्यक्रम के दौरान



नर्मदा नदी में प्लास्टिक एवं अन्य कचरा न फेंकने की अपील करते हुए स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। उपस्थित लोगों को डूबने की स्थिति में घरेलू वस्तुओं की मदद से बचाव सामग्री तैयार करने की विधि समझाई गई और सुरक्षित तरीके से डूबते हुए व्यक्ति का बाहर से रेस्क्यू कैसे किया जाए, इसकी जानकारी भी दी गई।इसके साथ ही आकाशीय बिजली, भूकंप, हीट स्ट्रोक तथा सीपीआर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी और बचाव के उपायों के बारे में भी लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में एनसीसी, एनएसएस के स्वयंसेवकों और आम नागरिकों की सहभागिता भी रही। प्लाटून कमांडर शिवराज चौधरी एवं एसआई सुंदर लाल मरावी की उपस्थिति में जिला दंडाधिकारी के नेतृत्व में आपदा प्रबंधन तथा प्राकृतिक आपदाओं के समय सुरक्षित रहने के उपायों को लेकर लोगों को जागरूक किया गया।

### 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत आयोजन

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम में 14 मार्च को जिला एवं तहसील न्यायालय में वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत आयोजित की जाएगी। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृप्ति शर्मा के मार्गदर्शन में इसका आयोजन होगा। नेशनल लोक अदालत में विद्युत विभाग और नगर पालिका के बकाया बिलों पर नियमानुसार छूट दी जाएगी। प्रचार-वाहन 10 मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जिससे जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ेगी। आम जन 14 मार्च 2026 को जिला एवं तहसील न्यायालयों में उपस्थित होकर लाभ उठा सकते है।

### नए साम्राज्य की तलाश में निकले कॉलर वाले दो बाघ...


# सतपुड़ा के 'राजकुमारों' ने छोड़ी अपनी सरहद

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कोर जंगल की शांति अब एक नई हलचल में बदल गई है। जिन दो बाघों को वन विभाग ने बड़े लाड़-प्यार और ट्रेनिंग के बाद 'आजाद' किया था, उन्होंने अब अपना नया ठिकाना ढूंढना शुरू कर दिया है। ये दोनों बाघ एसटीआर की सीमाएं लांघकर अब नर्मदापुरम जिले के प्रादेशिक (टेरिटोरियल) वन क्षेत्र में जा पहुंचे हैं।

#### हर कदम पर सैटेलाइट की नजर

वन विभाग की तकनीकी टीमें इन बाघों के पीछे 'छाया' बनकर चल रही हैं। इसका श्रेय जाता है उनके



गले में बंधी 'रेडियो कॉलर आईडी' को।

#### अनाथ से 'शिकारी' बनने का रोमांचक सफर

इन दोनों बाघों की दास्तां किसी संघर्ष गाथा से कम नहीं है। पिछले साल मार्च 2025 में रायसेन की भोजपुर रेंज में ये दोनों अपनी मां से बिछड़ गए थे। तब ये नन्हे शावक खुद शिकार करना भी नहीं जानते थे। वन विभाग ने इन्हें 'चूरना के मालनी बाड़े' में पनाह दी। यहां करीब 8 महीनों तक इन्हें शिकार की बारीकियां सिखाई गईं, बिल्कुल वैसे ही जैसे एक मां अपने बच्चों को सिखाती है। जब ये पूरी तरह आत्मनिर्भर हो गए, तो 2 जनवरी 2026 को इन्हें खुले जंगल में यह सोचकर छोड़ा गया कि ये अपना खुद का इलाका (टेरिटोरी) बनाएंगे। और अब, ये दोनों बाघ अपनी वही सल्तनत कायम करने के लिए बाहर निकल आए हैं।

- 17 फरवरी को पहले बाघ ने सरहद पार कर इटारसी रेंज के जंगलों में अपनी दस्तक दी।
- दो दिन पहल दूसरा बाघ भी अपने साथी की राह पर चलते हुए कोर एरिया से बाहर निकल आया।

#### वन विभाग की अपील

- बाघ दिखने पर घबराएं नहीं और न ही शोर मचाकर उसे उकसाएं।
- मोबाइल से फोटो या वीडियो बनाने के चक्कर में बाघ के करीब न जाएं।
- बाघ दिखने पर तुरंत पास के फॉरेस्ट बीट गार्ड या रेंज ऑफिस को सूचना दें।

#### 'डरें नहीं, बस खबर दें'

एसटीआर की फील्ड डायरेक्टर राखी नंदा का कहना है कि बाघों का बाहर निकलना उनकी स्वाभाविक प्रवृत्ति है। वे नए इलाके की तलाश कर रहे हैं। हाल ही में एक ग्रामीण का इन बाघों से आमना-सामना हुआ, लेकिन बाघ ने किसी तरह का हमला नहीं किया और पूरी तरह शांत रहा। इससे साबित होता है कि ये बाघ इंसानों से दूर रहना पसंद कर रहे हैं।

#### सख्त निगरानी

वर्तमान में एसटीआर और टेरिटोरियल टीम की संयुक्त टुकड़ियां 24 घंटे इन बाघों की लोकेशन ट्रैक कर रही हैं। वन विभाग मुस्तैद है ताकि बाघ और इंसान, दोनों सुरक्षित रहें।

# बढ़ती गैस कीमतों के विरोध में कांग्रेस ने चूल्हे पर चाय बनाकर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

रसोई गैस की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय के नेतृत्व में नगर कांग्रेस ने मंगलवार को अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने थाने के सामने स्थित पेट्रोल पंप से एक रैली निकाली, जो शहर के जयस्तंभ चौक तक पहुची। जयस्तंभ चौक पर कार्यकर्ताओं ने गैस सिलेंडर, कंडे, लकड़ी का गठ्ठा और चूल्हा रखकर प्रतीकात्मक रूप से चूल्हा जलाया और उसी पर चाय बनाकर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र मोदी सरेंडर और भाजपा विरोधी नारे भी लगाए।

इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पाण्डेय ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण महंगाई लगातार बढ़ रही है और रसोई गैस के दाम आम जनता की पहुंच से बाहर होते जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है, जिसका सीधा असर गरीब और



मध्यम वर्ग के परिवारों पर पड़ रहा है।

नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने कहा कि पहले गैस सिलेंडर आम आदमी की रसोई का सहारा था, लेकिन अब उसकी कीमत इतनी बढ़ गई है कि कई परिवारों को मजबूर होकर फिर से लकड़ी और कंडों के चूल्हे का सहारा लेना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता की आवाज बनकर महंगाई के खिलाफ लगातार आंदोलन करती रहेगी। प्रदर्शन के दौरान ओम सेन, नीलम गांधी, बाबू चौधरी, पंकज राठौर, केलु उपाध्याय, नरेश चौहान, योगेश त्रिवेदी, गुफरान अंसारी, वीरू अग्रवाल, राजेन्द्र गोस्वामी, पिंकी शर्मा, दिलीप गोस्वामी सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### करंट से युवक की मौत बोर्ड में प्लग लगाते समय हादसा

**बैतूल।** आठनेर क्षेत्र में करंट लगने से एक 24 वर्षीय युवक की मौत हो गई। परिजन उसे गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय बैतूल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान ग्राम छिंदवाड़, पोस्ट हीड़ली, थाना आठनेर निवासी शिव शंकर पिता पंजाबराव इवने (24) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सोमवार रात करीब 11 बजे वह अपने घर में बिजली के बोर्ड में प्लग लगा रहा था या स्विच चालू कर रहा था। इसी दौरान वह अचानक करंट की चपेट में आ गया और जमीन पर गिर पड़ा। करंट लगने के बाद परिजन उसे तुरंत पास के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां इलाज संभव नहीं होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल बैतूल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने के बाद तडक़े करीब 3 बजे डॉक्टरों ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को अस्पताल की मर्चुरी में रखवा दिया गया। मंगलवार सुबह करीब 10 बजे डॉक्टरों ने शव का पोस्टमार्टम किया और बाद में शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों के अनुसार शिव शंकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। वह अपने पिता का इकलौता बेटा था और उसकी एक छोटी बहन है। इस घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। डॉक्टरों ने लोगों से बिजली से जुड़े काम करते समय सावधानी बरतने की अपील की है, ताकि ऐसे हादसों से बचा जा सके।

### नहीं हुई अज्ञात शव की पहचान

**बैतूल।** मरामझिरी रेलवे ट्रैक पर मिले एक अज्ञात युवक के शव की तीन दिन बीत जाने के बाद भी पहचान नहीं हो सकी है। रविवार को मिले इस शव का मंगलवार को जिला चिकित्सालय में पोस्टमार्टम कराया गया, जिसके बाद नगरपालिका ने नियमानुसार उसका अंतिम संस्कार कर दिया। फिलहाल पुलिस युवक की शिनाख्त के प्रयास कर रही है। रेलवे पुलिस को रविवार को सूचना मिली थी कि मरामझिरी रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच के आधार पर पुलिस का अनुमान है कि शव लगभग दो दिन पुराना प्रतीत हो रहा था। पंचनामा कार्रवाई के बाद रविवार शाम करीब 5 बजे शव को बैतूल जिला अस्पताल की मर्चुरी (शवगृह) में सुरक्षित रखवा दिया गया था। पुलिस ने युवक की पहचान कराने के लिए कई प्रयास किए, लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस के मुताबिक, मृतक युवक ने सफेद रंग की शर्ट और जींस पहनी हुई थी। युवक की पहचान के लिए पुलिस ने आसपास के सभी थानों को सूचित कर दिया है और जिले के विभिन्न थानों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्टों से भी इसका मिलान किया जा रहा है। शिनाख्त न होने की स्थिति में मंगलवार को जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद पुलिस ने शव को अंतिम संस्कार के लिए नगर पालिका को सौंप दिया, जिसने नियमानुसार उसका अंतिम संस्कार कर दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की आगे की जांच में जुटी हुई है।

### जल संसाधन विभाग ने तैयार की डीपीआर, नपा के पास सिर्फ 4 करोड़

# सात करोड़ में बने बैराज की 18 करोड़ से होगी मरम्मत



संजय द्विवेदी ▶▶ बैतूल

खेड़ी स्थित ताप्ती नदी पर बने ताप्ती बैराज की मरम्मत के लिए जल संसाधन विभाग ने डीपीआर तैयार कर ली है। बताया गया कि जल संसाधन विभाग द्वारा तैयार की गई विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) में करीब 18 करोड़ रुपए से अधिक खर्च का अनुमान लगाया गया है, जबकि नगरपालिका ने अमृत योजना के तहत बैराज की मरम्मत के लिए करीब 4 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। ऐसे में लागत को लेकर बड़ा अंतर सामने आया है। दरअसल ताप्ती बैराज का निर्माण वर्ष 2018 में किया गया था। अमृत योजना के अंतर्गत 6.92 करोड़ रुपए की लागत से बने बैराज का उद्देश्य नदी में जल स्तर बनाए रखना और आसपास के क्षेत्र में जल संरक्षण को बढ़ावा देना था। लेकिन निर्माण के महज एक वर्ष बाद ही ताप्ती नदी में बाढ़ के दौरान बैराज की की-वॉल का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके बाद से प्रभावित हिस्से की स्थायी मरम्मत नहीं हो सकी है और समय-समय पर अस्थायी उपायों से ही इस स्थिति संभालने का प्रयास किया जाता रहा है। अब जल संसाधन विभाग बैतूल ने जो डीपीआर तैयार की है, उसके अनुसार इसमें करीब 18 करोड़ से अधिक की लागत आ रही है, जबकि नगरपालिका की समस्या यह है कि उसके पास इस कार्य हेतु मात्र 4 करोड़ रुपये का फंड है। ऐसे में शेष राशि जुटाना नपा के लिए बड़ी चुनौती होगी।

#### बैराज की मरम्मत के लिए कराई थी सॉइल टेस्टिंग

जल संसाधन विभाग ने बैराज की मरम्मत को लेकर सॉइल टेस्टिंग कराई थी। जांच में सामने आया कि जिस स्थान पर की-वॉल क्षतिग्रस्त हुई है वहां लगभग चार मीटर तक मिट्टी और रेत की परत मौजूद है और ठोस चट्टान का आधार नहीं है। इस कारण स्थायी मरम्मत के लिए मजबूत संरचना तैयार करने की जरूरत बताई गई है। डीपीआर के अनुसार बैराज की सुरक्षा के लिए 55 मीटर लंबा वीयर ओवर बनाया जाना प्रस्तावित है। इसके साथ ही डाउन स्ट्रीम में 30 मीटर की वकैट का निर्माण किया जायेगा। कुल 55 मीटर लंबा कंक्रीट स्ट्रक्चर बनाया जाएगा। प्रस्तावित की-वॉल की चौड़ाई लगभग 2 मीटर और लंबाई 30 मीटर की होगी। इन सभी कार्यों को मिलाकर मरम्मत की अनुमानित लागत लगभग 18 करोड़ रुपए से ज्यादा की बताई जा रही है।

#### वास्तविक लागत और उपलब्ध बजट के बीच बड़ा अंतर

ताप्ती बैराज की मरम्मत कार्य की वास्तविक लागत और उपलब्ध बजट के बीच बड़ा अंतर होने के कारण बैराज की स्थायी मरम्मत फिलहाल अधर में लटकती नजर आ रही है। जल संसाधन विभाग ने बैराज के क्षतिग्रस्त हिस्से की तकनीकी जांच के बाद डीपीआर तैयार की है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार डीपीआर को जांच के लिए अधीक्षण अधीक्षण यंत्री कार्यालय भेजा गया है। परीक्षण प्रक्रिया पूरी होने के बाद यह डीपीआर नगरपालिका को सौंप दी जाएगी। इसके बाद यदि आवश्यक राशि उपलब्ध कराई जाती है तो टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से मरम्मत कार्य शुरू किया जा सकेगा। यदि नपा फंड की व्यवस्था नहीं कर पाती है तो जल संसाधन विभाग खुद प्रस्ताव आला अफसरों को भिजवायेगा। इधर नपा की समस्या यह है कि उसके पास इस कार्य के लिए मात्र 4 करोड़ रुपये का ही फंड है।

#### फिलहाल अस्थायी मरम्मत से रोका पानी

नगरपालिका ने फिलहाल बैराज के क्षतिग्रस्त हिस्से पर अस्थायी व्यवस्था कर पानी का बहाव नियंत्रित करने का प्रयास किया है। नगरपालिका के अनुसार प्रभावित हिस्से में लगभग 25 मीटर लंबी, 20 फीट ऊंची और 6 मीटर चौड़ी अस्थायी दीवार बनाई गई है। इस निर्माण में करीब 2400 घन मीटर डस्ट, 100 डंपर मुरम और 100 डंपर बोल्डर का उपयोग किया गया है। साथ ही काली मिट्टी और डस्ट के मिश्रण से अंदरूनी हिस्से को मजबूत किया गया। इस कार्य में जेसीबी और पोकलेन मशीनों का उपयोग हुआ और पूरी प्रक्रिया में लगभग 4 लाख रुपए खर्च किए गए। नगरपालिका के सब इंजीनियर धीरेंद्र राठौर के अनुसार बैराज की कुल ऊंचाई लगभग 21 फीट है, लेकिन अस्थायी संरचना की मजबूती को देखते हुए फिलहाल इसे लगभग 12 फीट तक ही भरा है, जबकि लगभग 8 फीट हिस्सा खाली रखा गया है ताकि पानी का दबाव कम रहे।

#### डीपीआर भेजी है

ताप्ती बैराज की मरम्मत के लिए डीपीआर तैयार हो चुकी है। इसमें करीब 18 करोड़ रुपये से अधिक के खर्च का अनुमान है। डीपीआर वरिष्ठ कार्यालय को भेजी गई है। निर्माण की मजबूती को देखते हुए डीपीआर तैयार की है, ताकि भविष्य में इस तरह से क्षतिग्रस्त होने जैसी स्थिति निर्मित न हो।

**भूपेंद्र सूर्यवंशी**, एस.डी.ओ., जल संसाधन विभाग, बैतूल

हमारे पास अभी डीपीआर नहीं आई है। डीपीआर देखने के बाद ही आगे की प्रक्रिया वरिष्ठ अधिकारियों के निदेशानुसार तय की जायेगी।

**- नागेन्द्र वागद्रे,**
सब इंजीनियर, नगरपालिका बैतूल

### मेले से लौटते समय हुआ हादसा

## पाढर बाईपास पर दो बाइकों की भिड़ंत, घायल युवक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

पाढर बाईपास के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में 18 वर्षीय युवक संतोष उइके गंभीर रूप से घायल हो गया था। उपचार के दौरान आज मंगलवार तडक़े उसकी मौत हो गई। जिला चिकित्सालय में शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। यह हादसा सोमवार शाम करीब 5 बजे हुआ, जब मेले से लौट रहे युवकों की दो बाइकें पाढर बाईपास पर आपस में टकरा गईं। इस दुर्घटना में दोनों बाइकों पर सवार कुल तीन लोग घायल हुए थे। सभी घायलों को तत्काल पाढर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। घायलों में सेहरा भग्गुढाना, थाना चिचोली निवासी संतोष पिता सलकराम वीके (18) की हालत बेहद गंभीर थी। इलाज के दौरान मंगलवार सुबह पाढर अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मर्ग कायम किया। संतोष के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय बैतूल भेजा गया। मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे डॉक्टरों ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

## सड़क घेरकर दुकान चलाने वालों पर पुलिस ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए कोतवाली पुलिस ने सोमवार देर रात कोठी बाजार क्षेत्र में कार्रवाई की। इस दौरान सडक़ पर दुकान का सामान फैलाकर रास्ता बाधित करने वाले करीब 40 दुकानदारों के खिलाफ मध्यप्रदेश पुलिस अधिनियम की धारा 34 के तहत प्रकरण दर्ज किए गए। पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी और एसडीओपी सुनील लाटा के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी देवकरण डेहरिया ने पुलिस बल के साथ कोठी बाजार में थाना चौक से बस स्टैंड तक निरीक्षण किया। जांच के दौरान कई दुकानदार अपनी दुकानों का सामान सडक़ तक फैलाकर रखते पाए गए, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा था। पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने शहर के व्यापारियों और नागरिकों से यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि दुकानदार अपना सामान दुकान की सीमा के भीतर ही रखें और सडक़ पर सामान या बोर्ड रखकर रास्ता बाधित न करें। एसपी ने कहा कि सडक़ पर अतिक्रमण से लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है और दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ जाता है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कोई भी व्यक्ति सडक़ पर अतिक्रमण कर यातायात में बाधा उत्पन्न करता पाया गया तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### डिजिटल पेमेंट की दी जानकारी

## पीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम

**बैतूल।** एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार के एमएसएमई विकास कार्यालय इंदौर द्वारा जिला प्रशासन बैतूल के सह-आयोजन में 10 मार्च को जिला पंचायत कार्यालय बैतूल में एक दिवसीय पीएम विश्वकर्मा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य कार्यपालन अधिकारी अक्षत जैन उपस्थित रहे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जैन ने लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना से जुड़े हितग्राहियों को अपने पारंपरिक कौशल के साथ-साथ मार्केटिंग के क्षेत्र में भी जानकारी प्राप्त कर आगे बढऩा चाहिए। उन्होंने हितग्राहियों से शासन की विभिन्न योजनाओं में बढ़-चढक़र भाग लेकर उनका लाभ लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान भारतीय डाक के माध्यम से वितरित की जा रही पीएम विश्वकर्मा टूल किट का प्रतीकात्मक रूप से एक लाभार्थी को वितरण किया गया। कार्यक्रम में पीएम विश्वकर्मा योजना में पंजीकृत 150 से अधिक हितग्राहियों ने भाग लिया। इस




अवसर पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं, उद्यमिता, कौशल विकास, मार्केटिंग, डिजिटल भुगतान, टूल किट एवं ऋण प्रक्रिया से संबंधित जानकारी प्रदान की गई तथा उनकी समस्याओं का निराकरण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान भारतीय डाक विभाग द्वारा निःशुल्क बचत खाते भी खोले गए। साथ ही हितग्राहियों को डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से क्यूआर कोड एवं क्यूआर बॉक्स भी उपलब्ध कराए गए। कार्यक्रम में एमएसएमई इंदौर से सहायक निदेशक गौरव गोयल एवं विकास, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बैतूल से प्रबंधक श्रीमती तृप्ति पाटिल, धीरज मंडलेकर, प्रवीण, लीड बैंक अधिकारी आशुतोष आदि रहे मौजूद।

### गोंडवाना समेत 14 ट्रेनें प्रभावित

## गोंदिया स्टेशन पर काम, बैतूल से गुजरने वाली कई ट्रेनें रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

अप्रैल माह में ट्रेन से यात्रा का प्लान बनाने से पहले रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट या ऐप पर ट्रेनों की स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें, क्योंकि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल अंतर्गत गोंदिया स्टेशन पर इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेड कार्य के चलते अप्रैल माह में कई ट्रेनों को निरस्त किया गया है। इसका सीधा असर बैतूल स्टेशन से गुजरने वाले यात्रियों पर पड़ेगा, क्योंकि रेलवे ने इस रूट की 14 ट्रेनों को अलग-अलग तिथियों में रद्द करने का निर्णय लिया है। गोंदिया स्टेशन पर लाइन क्रमांक 5 (प्लेटफार्म 3) के इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेडेशन का कार्य किया जा रहा है। इसी कारण अप्रैल महीने में बैतूल से होकर गुजरने वाली कई प्रमुख ट्रेनें प्रभावित रहेंगी और कुछ ट्रेनों को उनके गंतव्य से पहले ही समाप्त कर दिया जाएगा। जिसमें छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस लगभग 20 दिन निरस्त रहेगी। ट्रेन 18237 (बिलासपुर-अमृतसर) 5 अप्रैल से



25 अप्रैल 2026, ट्रेन 18238 (अमृतसर-बिलासपुर) 7 अप्रैल से 27 अप्रैल, 2026 तक रद्द रहेगी। वहीं 12410 निजामुद्दीन-रायगढ़ गोंडवाना एक्सप्रेस 2, 4, 6, 7, 8, 9, 11, 13, 14, 15, 16, 18, 20, 21 और 22 अप्रैल को और 12409 रायगढ़-हजरत निजामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेसः 4, 6, 8, 9, 10, 11, 13, 15, 16, 17, 18, 20, 22, 23 और 24 अप्रैल को निरस्त रहेगी। इसी तरह 12807 विशाखापट्टनम-हजरत निजामुद्दीन समता एक्सप्रेस 5, 7, 8, 9, 11, 12, 14, 15, 16, 18, 19, 21, 22 और 30 अप्रैल और 12808 हजरत निजामुद्दीन-विशाखापट्टनम समता एक्सप्रेसः 7, 9, 10, 11, 13, 14, 16, 17, 18, 20, 21, 23, 24 और 25 अप्रैल को निरस्त रहेगी।

## वेकोलि ठेका मजदूरों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

### 4 महीने से नहीं मिला वेतन, धमकाने का भी लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

पाथाखेड़ा कोयला क्षेत्र की भूमिगत खदानों में काम करने वाले ठेका मजदूरों ने मंगलवार को वेतन न मिलने और शोषण का आरोप लगाते हुए कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। पिछले 10 दिनों से भूख हड़ताल कर रहे इन मजदूरों ने कलेक्टर और एसपी को ज्ञापन सौंपकर मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है, जिस पर कलेक्टर ने श्रम अधिकारी को 7 दिन के भीतर जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मजदूरों का कहना है कि वे वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की भूमिगत कोयला खदानों में अपनी जान जोखिम में डालकर काम करते हैं। इसके बावजूद उन्हें समय पर पूरी मजदूरी नहीं दी जा रही है। कई मजदूरों की स्थिति यह है कि उन्हें पिछले 3 से 4 महीने से वेतन ही नहीं मिला है, जबकि कुछ को आधा वेतन भी नहीं दिया गया है। मजदूरों ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि प्रबंधन द्वारा निर्धारित मजदूरी करीब 1365 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से दी जानी चाहिए, लेकिन कई बार तो भुगतान



ही नहीं होता है। यदि खाते में मजदूरी दी भी जाती है, तो ठेकेदार दबाव बनाकर मजदूरों के पास केवल 400 से 500 रुपये छोड़ते हैं और बाकी रकम वापस ले लेते हैं। मजदूरों का आरोप है कि पूरी मजदूरी मांगने पर उन्हें काम से निकालने की धमकी दी जाती है और ठेकेदार गनमैन लाकर डराने का प्रयास करते हैं।

#### 10 दिन से क्रमिक भूख हड़ताल, 7 दिन में जांच के आदेश


ठेका मजदूर पिछले 10 दिनों से पाथाखेड़ा में वेकोलि कार्यालय के पास अपनी मांगों को लेकर क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे हैं, लेकिन प्रबंधन ने अब तक कोई पहल नहीं की। मंगलवार को मजदूर नेता प्रदीप नागले और मनोज पवार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में मजदूर बैतूल पहुंचे और कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर बकाया भुगतान और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। कलेक्टर ने मुलाकात के दौरान श्रमिकों की समस्याएं सुनीं और श्रम अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि वे सात दिनों के भीतर पूरे मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करें।

## 'सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए बालिकाएं लगवाएं एचपीवी वैक्सीन'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने जिले की बालिकाओं से सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन लगवाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सर्वाइकल कैंसर एक गंभीर बीमारी है, जो एचपीवी वायरस के संक्रमण के कारण होती है। इस बीमारी से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन अत्यंत प्रभावी है। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने बताया कि 14 से 15 वर्ष की आयु की बालिकाओं को यह वैक्सीन लगाई जा रही है, जिससे भविष्य में सर्वाइकल कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि किशोरावस्था में यह टीका लगवाना अधिक प्रभावी होता है और इससे बालिकाओं को गंभीर बीमारी से सुरक्षा मिलती है। उन्होंने जानकारी दी कि भारत



सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा 28 फरवरी से एचपीवी टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया है। इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा भी जिले में बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाने का कार्य किया जा रहा है, ताकि उन्हें सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सभी बालिकाओं से आग्रह किया है कि वे अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर एचपीवी वैक्सीन अवश्य लगवाएं और इस गंभीर बीमारी से सुरक्षा सुनिश्चित करें।

### कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

# जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का करें त्वरित निराकरण: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में प्रातः 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं ध्यान पूर्वक सुनीं। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, भूमि विवाद, आवास, सहित अन्य विभागों से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कई प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर मौके पर ही निराकरण कराया, वहीं शेष मामलों में समय-सीमा तय करते हुए अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में मुलताई के ग्राम दुनावा निवासी दिनेश पवार ने बताया कि भूमि का सीमांकन के लिए आवेदन देने के बावजूद अभी तक सीमांकन नहीं किया गया हैं, जिस पर कलेक्टर ने एसडीएम मुलताई को आवेदक का तत्काल सीमांकन कर आदेश जारी करने के निर्देश दिए। आवेदन के निराकरण में देरी होने पर संबंधित पटवारी, नायब तहसीलदार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अक्षत जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना




जाट ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में 124 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

**जॉब कार्ड अपडेट किए जाने के दिए निर्देशः** जनसुनवाई में ग्राम तिरमहु के किसानों ने आवेदन के माध्यम से निस्तार तालाब स्वीकृत किए जाने की गुहार लगाई, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित ईई को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। भीमपुर के ग्राम जमनिया निवासी बलराम रूंजिया ने पीएम आवास की दूसरी किस्त की राशि नहीं मिलने की समस्या बताई, जिस पर कलेक्टर ने जनपद सीईओ भीमपुर को आवेदन का निराकरण करने के निर्देश दिए। जनपद पंचायत प्रभात पट्टन के ग्राम सावंगी निवासी कृष्णा बेले ने जॉब कार्ड अपडेट किए जाने के लिए आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर ने जनपद पंचायत सीईओ मुलताई को जॉब कार्ड अपडेट की शिकायत का समाधान करने के निर्देश दिए।

#### अभिलेख सुधारने के दिए निर्देश

जनसुनवाई में आठनेर निवासी जगन्नाथ तुम्बे ने अभिलेख सुधार के सम्बन्ध में आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर ने एसडीएम भैंसदेही को अभिलेख सुधार की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में भीमपुर तहसील के ग्राम चुनालोहमा में दुर्गा कुंदनलाल राठौर ने निजी कृषि भूमि पर हुए अवैध कब्जे को हटाने तथा सुरक्षा प्रदान किए जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित एसडीओ को प्रकरण की जांच कर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### ई टोकन सिस्टम से खाद वितरण के घोटाले में लगातार सुधार होगा

**पिपरिया।** बनखेड़ी विकासखंड के वरिष्ठ कृषि अधिकारी रुपल राजपूत ने बताया कि शासन द्वारा लागू ई-टोकन सिस्टम से खाद वितरण में पारदर्शिता आएगी और दुकानों पर होने वाली गड़बड़ियां व घोटाले कम होंगे। शुरुआत में किसानों को कुछ परेशानी हो रही है, लेकिन आगे चलकर उन्हें राहत मिलेगी। सरकार द्वारा 12 जनवरी से चल रहे कृषि रथ के माध्यम से गांव-गांव जाकर किसानों को ई-विकास पोर्टल, ई-टोकन सिस्टम, आधुनिक खेती, फसल विविधीकरण और प्राकृतिक खेती की जानकारी दी जा रही है।

### स्वास्थ्य महकमे ने लोगों को गर्मी से बचाव के लिए एडवाइजरी की जारी

**नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत गर्मी से मानव स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभाव तथा रोगों से बचाव एवं उपचार हेतु स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत शासन द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है।

### ठेका कंपनी के बिल पास नहीं होने के कारण नहीं लग पा रही नई केबल

# इंटकवेल की केबल जलने से नहीं मिला नर्मदा जल, आज भी हो सकती है बाधा

सोहागपुर में मंगलवार को नर्मदा जल वितरण ठप रहा। शहर के 5000 से अधिक कनेक्शन प्रभावित हुए। कंपनी ने केबल जलने और फंड की कमी को कारण बताया। नागरिकों को जल संकट का सामना करना पड़ा, सुधार प्रयास जारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



शहर के अधिकतर घरों में फिलहाल नगर परिषद द्वारा एक निजी कंपनी के माध्यम से नर्मदा जल का वितरण किया जा रहा है। लेकिन आए दिन नर्मदा जल का वितरण बंद हो जाता है। मंगलवार को भी नर्मदा जल वितरित नहीं किया गया।

मामले में हरिभूमि संवाददाता ने नगर परिषद कार्यालय से जानकारी ली तो बताया गया कि सोहागपुर शहर में नर्मदा जल वितरण का कार्य सेंट्रल इंडिया इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा किया जा रहा है। तथा नर्मदा जल वितरण का कार्य बाधित होने पर जवाबदेही भी उक्त कंपनी की ही है। जिसके बाद हरिभूमि संवाददाता ने कंपनी इंजीनियर एलएस पटेल से चर्चा की। पटेल ने कहा कि गत दिवस ग्राम ईशरपुर के समीप नर्मदा जल परिवहन के लिए बनाए गए इंटकवेल की केबल जलने के कारण नर्मदा जल वितरण प्रभावित हुआ है। पटेल ने कहा कि सुधार के प्रयास किये जा रहे हैं। लेकिन संभावना है कि बुधवार को भी नर्मदा जल वितरण प्रभावित हो सकता है।

**रुका भुगतान**

हरिभूमि संवाददाता को नर्मदा जल वितरण की जिम्मेदार कंपनी के इंजीनियर एलएस पटेल ने बताया कि पुरानी केबल बार-बार जल रही है। नए केबलीकरण कार्य के लिए प्रयास किये जा रहे हैं लेकिन फंड की शॉर्टेज है। पटेल के अनुसार मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के पास उनकी कंपनी के बिल अटके हुए हैं। इन बिलों के भुगतान के बाद फंड व्यवस्था होते ही सुधार तो होंगे ही, साथ ही नई केबल भी लगाई जाएगी।

**5000 से अधिक कनेक्शन**

सोहागपुर नप से प्राप्त जानकारी अनुसार शहरी क्षेत्र में नर्मदा जल वितरण योजना के अंतर्गत 5000 से अधिक नल कनेक्शन हैं। स्पष्ट है कि सभी जल उपभोक्ताओं को मंगलवार को नर्मदा जल प्राप्त नहीं हुआ है। इनमें से अधिकतर उपभोक्ता वे हैं जो जल संबंधी जरूरतों के लिए मात्र नर्मदा जल कनेक्शन पर ही निर्भर हैं। अतः नागरिकों को मंगलवार को बहुत अधिक परेशानी हुई है। संभवतः यह परेशानी बुधवार को भी हो सकती है। अतः नागरिकों ने प्रशासन से अपेक्षा की है कि शीघ्र ही सुधार कराया जाए।

**कर रहे प्रयास**

बिल भुगतान की प्रतीक्षा है। इसके बाद नई केबल लगाएंगे। फिलहाल सुधार के प्रयास हम कर रहे हैं।

**एलएस पटेल,** इंजीनियर, नर्मदा जल वितरण ठेका कंपनी

# सुबह उठकर जो राम-राम कहे वही सज्जन है: कृष्णा देवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



सत्संग चौक सेठानी घाट पर आयोजित पांच दिवसीय पंडित रामलाल शर्मा स्मृति समारोह के दूसरे दिन व्यासगादी से प्रवचन देते हुए कृष्णा देवी मिश्रा ने कहा कि श्री हनुमान जी और विभीषण जी की परिस्थितियों में कई समानताएं हैं। दोनों को ही श्री सीताराम जी अर्थात भगवान प्राप्ति के मार्ग में आने वाली कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। श्री हनुमान जी जब माता सीता की खोज में यात्रा प्रारंभ करते हैं तो उनके रास्ते में अनेक विघ्न उपस्थित होते हैं, और अंत में वे सभी कठिनाइयों को पार कर मां जानकी के दर्शन करते हैं। यह उनके अखंड विश्वास के कारण होता है। इसी तरह जिस तरह लंका में राक्षसों के बीच रहकर भी विभीषण अपने घर में तुलसी के पौधे और रामायुध अंकित घर में सुबह-सुबह राम राम सुमिरन करते हैं वह उनकी साधुता और सज्जनता का परिचय देता है। सुंदरकांड में आता है राम राम तेहि सुमिरन कीन्हा, हृदय हरस कपि सज्जन चीन्हा ।अर्थात जो व्यक्ति सुबह उठकर भगवान का नाम स्मरण करता है यथार्थ में वही सज्जन है। आपने शरणागति प्रसंग को विस्तार देते हुए कहा कि हनुमान जी विभीषण को भ्राता कहकर संबोधित करते हैं अर्थात शरणागति की दृष्टिकोण से वे दोनों ही भगवान के दृढ़ भरोसे हैं । केवल श्री हनुमान जी एवं विभीषण ही नहीं वरन हम सब भी जैसे किसी बड़े चित्र में अंकित वस्तु चित्र का ही भाग होती है इस तरह भगवान के ही हैं। बस हमें अपने विश्वास को बनाए रखने की आवश्यकता है यदि हनुमान जी रूपी सद्गुरु हमें मिल जाते हैं तो हमारी नैया भी इस भवसागर से पार हो सकती है। कृष्णा देवी ने कथा प्रसंग के दौरान श्री रामकृष्ण परमहंस के कई संस्करणों के साथ-साथ कृति वास रामायण के भी विभिन्न प्रसंग का उल्लेख किया। कार्यक्रम के आरंभ में कृष्णा देवी का स्वागत पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत पंडित भवानी शंकर शर्मा के साथ, प्रो केजी मिश्र, सागर शिवहरे, वशिष्ठ नारायण त्रिपाठी आदि ने स्वागत किया।

# गाय को राष्ट्रमाता घोषित और शंकराचार्य के खिलाफ हुई एफआईआर रद्द करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सनातनियों ने गत दिवस एसडीएम को एक ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम सौंपा है। जिसमें गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग की गई है। वहीं अविमुक्तेश्वरानंद पर दर्ज एफआईआर रद्द करने की भी मांग की गई है। सोहागपुर एसडीएम प्रियंका भल्लावी को ज्ञापन सौंपते हुए संतों ने कहा कि हम सभी स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा संचालित गौ प्रतिष्ठा जन जागृति अभियान अंतर्गत गौवंश संरक्षण एवं सुरक्षा कार्यों का समर्थन करते हैं। अतः गौमाता को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए। और इसके लिए सरकार संसद में शीघ्र विधेयक लाकर पारित करे। अगली मांग है कि गौवंश संरक्षण के लिये देश में गौ मांस निर्यात पर रोक लगाएं व गौवंश तस्करी करने वालों पर कठोरतम कार्यवाही करते हुए उन्हें मृत्यु दण्ड तक की सजा से दण्डित किया जाए।

### रद्द हो एफआईआर

ज्ञापन अनुसार शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा संचालित गौ प्रतिष्ठा अभियान का लक्ष्य गौवंश संरक्षण का है। लेकिन अभियान से डरे षडयंत्रकारियों ने शंकराचार्य के खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज कराई है। अतः एफआईआर पर राष्ट्रपति संज्ञान लें तथा शीघ्र ही इसे रद्द किया जाए।

# रत्नेश बने नगर कांग्रेस अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

रत्नेश बडगूजर को नगर कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संगठन प्रभारी महामंत्री डॉ. संजय कांबले ने सूची जारी की। नवनियुक्त अध्यक्ष से उम्मीद की गई है कि वे कांग्रेस की नीतियों और अनुशासन के अनुसार कार्य करेंगे तथा नगर स्तर पर संगठन को मजबूत करेंगे। वहीं वरिष्ठ नेता कुलदीप मिश्रा सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बडगूजर का अभिनंदन किया और जन्मदिन का केक काटकर उमेश तिवारी का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर कुलदीप मिश्रा रमेश तिवारी, लल्ला भैया राजकुमार गुप्ता, मोहन सोनी, ब्रजभारती बडगूजर, नवल माहेश्वरी, अरुण तिवारी, बबलू अंसारी, सुनील मोदी, जीतू चौधरी, शैलेंद्र दुबे, पदम मीणा, संजय सिंह ठाकुर, मुकेश चौहान, सुमित जायसवाल, उत्कर्ष आचार्य ने स्वागत किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, राजकुमार केलु उपाध्याय, ओम पटेल, पूर्व सांसद रामेश्वर नीखरा, मानक अग्रवाल, सुखदेव पांसे, मोहन झलिया, यशवंत राजपूत, बाबू चौधरी, महेंद्र शर्मा, कपिल फौजदार का आभार प्रकट किया।

# जन सुनवाई में समस्याओं के निराकरण के लिए कई नागरिकों ने दिए आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



स्थानीय जनपद पंचायत सभागार में मंगलवार को जन सुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमें नागरिकों की ओर से अपनी समस्याओं के समाधान के लिए पांच आवेदन दिए गए हैं। पहले आवेदन में आवेदकों महेंद्र दुबे, प्रतीक तिवारी, राजेंद्र सिंह, राघवेंद्र सिंह, रामलखन सिंह, चन्द्र विजय पटेल ने उल्लेख किया है कि शहर में सेंट पैट्रिक स्कूल के सामने नाले की शासकीय भूमि पर लोगों ने अवैध रूप से अतिक्रमण कर निर्माण किया व फसल बोकर कब्जा कर लिया है। जिसके कारण नाले के किसानों को नाले से लगे गोहे के रास्ते से आने जाने में परेशानी होती है। वहीं ट्रेक्टर, ट्राली व हार्वेस्टर लाने ले जाने में परेशानी हो रही है। यदि किसी खेत में आग लगती है तो दमकल खेतों तक नही पहुंच पाएगी। आवेदकों की मांग है कि अवैध कब्जा हटवाकर रास्ता पुनः चालू कराया जाए। राजेंद्र सिंह ठाकुर निवासी ग्राम बमारी ने आवेदन में उल्लेख किया कि 2024-25 के राजस्व विभाग के प्रकरण की नकल नहीं दी जा रही। जबकि वे तीन बार आवेदन कर चुके हैं। अतः नकल दिलाई जाए। सुनील नागवंशी निवासी ग्राम निभौरा ने शिकायत की है कि ग्राम पंचायत में तालाब निर्माण की राशि की गड़बड़ी के मामले में सूचना के अधिकार के तहत जानकारी नहीं दी जा रही है।

आवेदक दीनदयाल नायक सिंगवाड़ा ने शिकायत की है कि उसके खेत में लगी फसल वह कटवाना चाहता है। लेकिन भाई नंदलाल, भाभी शांतिबाई तथा पुत्री साक्षी जमीन को लेकर आए दिन झगड़ा करते हैं। फसल काटने के समय तीनों किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न कर सकते हैं। अतः फसल कटाई दौरान पुलिस सहायता उपलब्ध कराई जाए। अगले आवेदन में ग्राम पंचायत चंदेरी के सरपंच चंदन सिंह ने उल्लेख किया है कि ग्राम की बहुत अधिक शासकीय भूमि पर लोगों ने अतिक्रमण कर कब्जा कर लिया है अतः शासकीय भूमि को मुक्त कराया जाए। किलापुरा वार्ड सोहागपुर निवासी नसीम खान ने शिकायत की है कि नगर परिषद द्वारा जन्म अप्राप्तता प्रमाण पत्र नहीं दिया जा रहा है। जिसके लिए वह लंबे समय से प्रयास कर रहे हैं।

# नारी शक्ति सम्मान समारोह में 31 महिलाओं का सम्मान


हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



इटारसी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला एवं बाल विकास विभाग और मुस्कान संस्था के सहयोग से नारी शक्ति सम्मान समारोह आयोजित हुआ। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 31 महिलाओं को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पीयूष शर्मा, नपा सीएमओ रितु मेहरा और उप संचालक आदिम जाति विभाग आशा मौर्य उपस्थित रहे। परियोजना अधिकारी दीप्ति शुक्ला ने महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक जागरूकता पर प्रकाश डाला। मुस्कान संस्था की टीम और कार्यक्रम संचालक अनुष्का शर्मा भाटिया ने समारोह को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। बड़ी संख्या में महिलाएं और नागरिक उपस्थित रहे।

# पीएम आवास योजना के प्रभारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया




जनपद पंचायत की पीएम आवास योजना प्रभारी को लगातार कार्य में लगातार लापरवाही बरतने तथा वगैर अवकाश पर जाने के पूर्व आवेदन नहीं करने हेतु लगातार हितग्राहियों को लाभान्वित करने में लापरवाही सरेआम करने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत प्रबल अरजरिया ने कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। ज्ञात रहे कि आवास योजना प्रभारी महिला होने पर भी लगातार लापरवाही कर रही है। विगत वर्ष से अभी तक आवास योजना के पात्रों को लेकर लाभ नहीं मिल रहा है। उसके बाद भी योजना प्रभारी ने आज तक किसी सरपंच सचिव को निर्देश नहीं दिए गए हैं। ग्राम पंचायत मटकुली से लेकर सभी पंचायत में रोजगार सहायक के द्वारा पात्र हितग्राहियों के नाम सूची में आने वाले लोगों के नाम की जगह किसी अन्य हितग्राहियों का डुप्लीकेट जाब कार्ड पोर्टल पर दर्ज किया गया है। जिसके कारण लोगो को लाभ नहीं मिल रहा है। इसलिए लोगों ने सीएम हेल्पलाइन नंबर से लेकर अनेकानेक जगहों पर आवेदन किया गया है। लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है। रोजगार सहायक सचिव कहते हैं।यह सुधार अब दिल्ली से ही होना है।इस कारण अनेक लोग प्रभावित हुए हैं। नवीनतम सूची में नाम शामिल हुए हैं। पर कब तक मिलेंगे कोई समाधान नहीं हुआ ना ही जनपद पंचायत की आवास योजना प्रभारी कोई जबाब नहीं दिया गया है। इस तरह से अनेकानेक अनमितताए प्रतीत होती हैं। इसलिए नोटिस जारी किए गए हैं। शाखा प्रभारी हमेशा नदारद रहतीं हैं।

# महिला दिवस पर किया विधिक साक्षरता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



महिला दिवस पर सोमवार को मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नर्मदापुरम के निर्देशानुसार विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर न्यायिक मजिस्ट्रेट तेज़दीप सिंह शासन प्रभारी अधिकारी तहसील विधिक सेवा समिति सोहागपुर के मार्गदर्शन में पंचायत भवन में किया गया। जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं महिला बाल विकास कर्मियों की उपस्थिति रही। शिविर में न्यायिक अधिकारी तेज़दीप सिंह शासन सहित अधिवक्ताओं ने महिला अधिकारों की जानकारी दी। इस दौरान न्यायालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर परिषद सोहागपुर, जिला नर्मदापुरम् (म. प्र.)**

दूरभाष (07575) - 278264 E-mail-cmosohagpur@mpurban.gov.in

क्रमांक/403/राज.शा./ 2026 **ई-निविदा आमंत्रण सूचना** सोहागपुर, दिनांक 10/03/2026

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि नगर परिषद सोहागपुर जिला नर्मदापुरम् म.प्र. के स्वामित्व की नवनिर्मित शापिग काम्पलेक्स नबीन बस स्टैंड के पास सुभाषवार्ड में निर्मित चुकानों के भूतल एवं प्रथमतल रेवावनखेडी रोड एवं बस स्टैण्ड की ओर की कुल 15 दुकानों एवं मेन बाजार की 01 दुकान का अचल सम्पत्ति अंतरण नियम 2016 तथा संशोधित नियम 4 मई 2021 एवं 28.03.2023 (निविदा दिनांक तक हुये समस्त सशोधन) के अंतर्गत आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है, दुकानो से संबंधित विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | दुकान नम्बर एवं साईज | आरक्षण | प्रा.राशि | अमानत राशि | निविदा फार्म शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_487967_1 | भूतल रेवाबनखेडी रोड की ओर से दुकान क-01 (9x12.7) | अनारक्षित | 8.00 लाख | 10000.00 | 5000.00 |
| 2 | 2026_UAD_488597_1 | भूतल रेवाबनखेडी रोड की ओर से दुकान क्र-02 (10x12.6) | अनारक्षित | 8.00 लाख | 10000.00 | 5000.00 |
| 3 | 2026_UAD_488618_1 | भूतल बस स्टैण्ड की ओर से दुकान क्र-14 (10x12) | अनु. जाति | 8.00 लाख | 10000.00 | 5000.00 |
| 4 | 2026_UAD_488624_1 | प्रथम तल रेवाबनखेडी रोड की ओर से दुकान क्र-01 (9.2x12.3) | अनारक्षित | 6.00 लाख | 8000.00 | 3000.00 |
| 5 | 2026_UAD_488629_1 | प्रथम तल रेवाबनखेडी रोड की ओर से दुकान क्र-02 (10.4x12.5) | अनारक्षित | 6.00 लाख | 8000.00 | 3000.00 |
| 6 | 2026_UAD_488638_1 | प्रथम तल रेवाबनखेडी रोड की ओर से दुकान क्र-03 (9.11x12.9) | अनु.ज.जाति | 6.00 लाख | 8000.00 | 3000.00 |
| 7 | 2026_UAD_488640_1 | प्रथम तल रेवाबनखेडी रोड की ओर से दुकान क्र-04 (10x12.9) | अनारक्षित | 6.00 लाख | 8000.00 | 3000.00 |
| 8 | 2026_UAD_488645_1 | प्रथम तल रेवाबनखेडी रोड की ओर से दुकान क्र-05 (10.8 x12.9) | अनारक्षित | 6.00 लाख | 8000.00 | 3000.00 |
| 9 | 2026_UAD_488649_1 | प्रथम तल रेवाबनखेडी रोड की ओर से दुकान क्र-06 (10.4 x12.10) | अ.पि.वर्ग | 6.00 लाख | 8000.00 | 3000.00 |
| 10 | 2026_UAD_488657_1 | प्रथम तल रेवाबनखेडी रोड की ओर से दुकान क्र-07 (9.4x12.10) | अनारक्षित | 6.00 लाख | 8000.00 | 3000.00 |
| 11 | 2026_UAD_488676_1 | प्रथम तल बस स्टेण्ड की ओर दुकान क्र-08 (9.11x10.8) | अनारक्षित | 6.00 लाख | 8000.00 | 3000.00 |
| 12 | 2026_UAD_488698_1 | प्रथम तल बस स्टैण्ड की ओर दुकान क्र-09 (10.3x10.9) | विधवा अनारक्षित | 6.00 लाख | 8000.00 | 3000.00 |
| 13 | 2026_UAD_488723_1 | प्रथम तल बस स्टैण्ड की ओर दुकान क्र-10 (10.3x10.6) | अनारक्षित | 6.00 लाख | 8000.00 | 3000.00 |
| 14 | 2026_UAD_488730_1 | प्रथम तल बस स्टैण्ड की ओर दुकान क्र-11 (10.3x10.7) | अनारक्षित | 6.00 लाख | 8000.00 | 3000.00 |
| 15 | 2026_UAD_488756_1 | प्रथम तल बस स्टैण्ड की ओर दुकान क्र-12 (9.1x10.7) | अनु. जाति | 6.00 लाख | 8000.00 | 3000.00 |
| 16 | 2026_UAD_488763_1 | मेन बाजार की यथास्थिति में 01 दुकान क्रमांक 13 क्षेत्रफल (25x4.10) तृतीय नीलामी | अनारक्षित | 9.50 लाख | 15000.00 | 5000.00 |

// समय तालिका //

| क्र. | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | टेंडर फार्म लेने की तिथि | 10.03.2026 |
| 2 | टेंडर फार्म लेने एवं दर लिये जाने की अंतिम तिथि | 24.03.2026 |
| 3 | निविदा दर खोले जाने की तिथि | 26.03.2026 |

नोटः- 1.निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन आनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।
2. प्रिमियम राशि एवं विकास शुल्क की संयुक्त गणना उपरांत की उच्चतम राशि पर दुकान आवंटित की जावेगी।
3. विकास शुल्क की जानकारी नगर परिषद सोहागपुर के राजस्व शाखा से लेवे।

**श्रीमति लता यशवंत पटैल**, अध्यक्ष, नगर परिषद सोहागपुर
**श्रीमति अमृता राकेश चौरसिया**, अध्यक्ष, नगर परिषद सोहागपुर
**श्री धर्मेंद शर्मा**, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद सोहागपुर

### रंगपचंचमी पर सत्या-11 दूसरी बार बनी विजेता...

# पार्षद कप रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



वार्ड क्रमांक 8 में होली के अवसर पर आयोजित पार्षद कप रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का रंगपंचमी के दिन पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम में वार्ड की पार्षद ज्योति राजकुमार बाबरिया, बाबूलाल कैथवास, गंगाराम चौहान, सुंदरलाल बाबरिया, अजय कश्यप, रामदुलारे बौरासी, राकेश बाबरिया, राजकुमार बाबरिया, आरती बाबरिया, नीतू बाबरिया, सुनिधि बाबरिया, नेहा बाबरिया, अरुण बाबरिया सहित अन्य ने विजेता सत्या-11, उपविजेता कमांडो पंच सहित उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को नगद राशि और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

पांचवें वर्ष आयोजित इस प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सत्या-11 और कमांडो पंच के बीच खेला गया, जिसमें सत्या-11 ने आसान जीत दर्ज कर दूसरी बार ट्रॉफी पर कब्जा किया। वार्ड क्रमांक 8 की पार्षद ज्योति राजकुमार बावरिया ने कहा कि होली जैसे पावन पर्व पर इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का कार्य करती हैं। खेल से न केवल शारीरिक और मानसिक विकास होता है, बल्कि आपसी भाईचारा, अनुशासन और टीम भावना भी मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि वार्ड में पिछले पांच वर्षों से पार्षद कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें युवाओं की बढ़ती भागीदारी यह दर्शाती है कि खेलों के प्रति उनका उत्साह लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीम सहित सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि जीत-हार खेल का हिस्सा है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात खेल भावना और अनुशासन है। पार्षद बावरिया ने आयोजन समिति और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से ही यह प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हो पाई है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे आयोजन लगातार करते रहने की बात कही ताकि युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलता रहे।

**रात 2 बजे खेला गया फाइनल**

पार्षद कप रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रात 2 बजे सत्या-11 और कमांडो पंच के बीच खेला गया। टॉस जीतकर कमांडो पंच ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन लगातार विकेट गिरने के कारण टीम केवल 23 रन ही बना सकी। जवाब में सत्या-11 ने 3 ओवर में 24 रन बनाकर आसान जीत दर्ज कर दूसरी बार ट्रॉफी अपने नाम की। विजेता टीम को अशोक कश्यप और राहुल कश्यप की स्मृति में अजय कश्यप के सौजन्य से ट्रॉफी प्रदान की गई। प्रतियोगिता में दैविक बावरिया को बेस्ट बैट्समैन, अभिषेक बावरिया को बेस्ट बॉलर, सौरभ बाबरिया को बेस्ट कैच, शुभम सिंह राजपूत को सर्वाधिक सिक्स लगाने वाला बल्लेबाज, कमांडो पंच को अनुशासित टीम तथा बाहुबली टीम के कप्तान विराज बाबरिया सहित उनकी टीम को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता के आयोजन में पार्षद ज्योति राजकुमार बावरिया, बाबूलाल कैथवास, अशोक बौरासी, महेश बाबरिया, देवेंद्र बावरिया, रोहित बावरिया, अजय कश्यप और कमलेश बावरिया का विशेष सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप

### जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक कल

**हरदा।** जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय में 12 मार्च को आयोजित की गई है। कार्यपालन यंत्री जल संसाधन सोनम वाजपेयी ने बताया कि बैठक शाम 4 बजे से होगी। बैठक में मूंग सिंचाई के लिए नहर में जल प्रवाह छोड़े जाने की तिथि तथा पानी की मांग के निर्धारण, मूंग सिंचाई हेतु कृषि विभाग द्वारा की जा रही तैयारियां तथा फसल चक्र संबंधी सुझाव एवं सिंचाई के लिये विद्युत आपूर्ति जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### नेशनल लोक अदालत 14 मार्च को

**हरदा।** मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अन्य अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। कंपनी द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के तहत विद्युत चोरी के लंबित प्रकरणों एवं विशेष न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की गई है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 135 के तहत विद्युत चोरी के बनाए गए लंबित प्रकरण एवं अदालत में लंबित प्रकरणों का निराकरण के लिये निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्रकरणों में ही छूट दी जाएगी।

### कन्या विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह सम्मेलन होगा आयोजित

**रहटगांव।** नगर परिषद टिमरनी द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह सम्मेलन 19 अप्रैल अक्षय तृतीया रविवार को कृषि उपज मंडी प्रांगण, टिमरनी में आयोजित किया जाएगा। नगर परिषद कार्यालय टिमरनी द्वारा जारी पत्र के अनुसार, मध्य प्रदेश के निवासी जो की बीपीएल परिवार की बेटियों के विवाह के लिए इस योजना के तहत सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। इस सामूहिक विवाह सम्मेलन का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह में सहायता प्रदान करना तथा सामाजिक सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है।

### 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रुपए पेंशन

**सीहोर।** केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे।

### कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश

# खेल मैदान के लिए शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटवाने के लिए आए ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय एवं रजनी वर्मा, हरदा एसडीएम अशोक डहेरिया, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल, टिमरनी एसडीएम संजीव नागू सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में हरदा निवासी राजकुमार चन्द्रवंशी ने कलेक्टर को खाद्यान्न पात्रता पर्ची बनवाने के लिए आवेदन दिया, जिस पर जिला आपूर्ति अधिकारी को आवेदक की पात्रता अनुसार पात्रता पर्ची बनवाने के निर्देश दिये। ग्राम चिराखान के ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन देकर खेल मैदान के लिए शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटवाने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर उन्होंने वन मंडलाधिकारी को प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। विकासखण्ड उत्कृष्ट बालिका छात्रावास हरदा की कर्मचारियों ने आवेदन देकर समय पर भुगतान न होने तथा अधूरा भुगतान करने के संबंध में शिकायत की, जिस पर जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग को आवेदिकाओं की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए गए।

#### जली हुई डीपी बदलवाने की मांग

जनसुनवाई में ग्राम मझली के ग्रामीणों ने आवेदन देकर जली हुई डीपी बदलवाने की मांग की, जिस पर महाप्रबन्धक विद्युत वितरण कम्पनी को ग्रामीणों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए गए। हरदा निवासी विजय वर्मा ने जनसुनवाई में आवेदन देकर बिजली बिल अधिक आने के संबंध में शिकायत की, जिस पर महाप्रबन्धक विद्युत वितरण कम्पनी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए गए। ग्राम बम्हनगांव निवासी संतोष राजपूत ने आवेदन देकर सोयाबीन फसल की राहत राशि प्राप्त न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर तहसीलदार हरदा को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए गए। ग्राम सेनगुड़ निवासी चन्द्रकला ने कृषक सम्मान निधि की राशि प्राप्त न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर तहसीलदार हरदा को आवेदिका की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए गए।

# खिरकिया में नरवाई प्रबंधन के संबंध में बैठक संपन्न




**हरदा।** एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल की अध्यक्षता में मंगलवार को जनपद पंचायत के सभागार में विकासखण्ड खिरकिया के सभी पटवारी, सचिव एवं कृषि विभाग के कर्मचारियों की नरवाई न जलाने के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी सुश्री बघेल ने पटवारियों को निर्देश दिए कि ग्राम में कोटवार के माध्यम से मुनादी कराई जाए, ग्रामीणों की बैठक लेकर उन्हें नरवाई न जलाने हेतु समझाएं।

उन्होने बताया कि नरवाई जलाने से पर्यावरण के साथ साथ मानव जीवन पर काफी गलत असर पड़ता है। बैठक में एसडीएम बघेल ने कहा कि नरवाई जलाना दंडनीय अपराध है, उल्लंघन करने पर संबंधित के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सचिवो को भी निर्देश दिए कि ग्राम में पानी के टैंकर भरकर रखें ताकि कोई अप्रिय स्थिति में उन टेंकर्स का उपयोग किया जा सके। बैठक में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी टी. आर. चौहान ने बताया कि ये ध्यान रखे कि हार्वेस्टर में सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम (एसएमएस) का उपयोग अनिवार्य है। बिजली की डीपी के आसपास कचरा न रहे ताकि स्पार्किंग से कोई घटना न हो। ग्राम के मुख्य चौराहे पर नरवाई न जलाने के सम्बंध में स्लोगन लिखवाएं। उन्होने बताया कि जमीन की उर्वरा शक्ति लगातार कम होती जा रही है, फसल अवशेषों को जलाने के बजाय उनका उचित प्रबंधन करें।

### टीएल बैठक...

## कलेक्टर ने हिट एंड रन मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए

### बोले : समय पर कार्य करें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. ने टीएल बैठक के दौरान वन ग्रामों के संपरिवर्तन, वन खण्डों के व्यवस्थापन तथा वन पट्टों की संख्या और रकबे के मिलान के कार्यों में लगातार हो रही देरी पर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने वन मित्र पोर्टल पर लंबित व्यक्तिगत वनाधिकार दावों के निराकरण में विलम्ब पर संबंधित वन एवं राजस्व अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने निर्देश दिए कि वन ग्रामों के राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन, वन खण्डों के व्यवस्थापन तथा वन पट्टों की संख्या और रकबे के मिलान का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि वन मित्र पोर्टल पर दर्ज व्यक्तिगत वनाधिकार दावों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए। कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि वनाधिकार से जुड़े प्रकरणों और वन ग्रामों के राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन शासन की प्राथमिकता का कार्य है। कलेक्टर ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कार्यों में इसी प्रकार की लापरवाही और देरी जारी रही तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिये जिले मे एचपीवी अभियान की समीक्षा के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने इस अभियान को अधिक गति प्रदान करने के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि लक्षित बालिकाओं का समय सीमा में टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभाग समन्वय स्थापित कर एवं टीकाकरण की कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। इसके साथ ही विशेष टीकाकरण सत्रों का भी आयोजन किया जाये। उन्होंने कहा कि यह वैक्सीन पूर्णतः सुरक्षित है और भविष्य में महिलाओं को होने वाले सर्वाइकल कैंसर से बचाएगी।

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए कि लोक सेवा गारंटी के तहत प्राप्त होने वाले आवेदनों पर निर्धारित समय-सीमा में अनिवार्य रूप से कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों द्वारा समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण नहीं किया जाएगा, उनके विरुद्ध नियमानुसार जुर्माना लगाया जाएगा। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को लंबित आवेदनों का समय पर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि लोक सेवा गारंटी का उद्देश्य नागरिकों को तय समय-सीमा में शासकीय सेवाएं उपलब्ध कराना है, इसलिए सभी अधिकारी इस व्यवस्था का कड़ाई से पालन करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, रविंद्र परमार, जमील खान, एसडीएम तन्मय वर्मा, स्वाति मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर प्रेम सिंह गौंड़ सहित सभी विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित थे।

# निपानिया खुर्द में गेहूं की खड़ी फसल में आग लगी, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

ग्राम निपानिया खुर्द में सोमवार दोपहर एक खेत में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। इस घटना में लगभग 20 क्विंटल गेहूं जलकर राख हो गया।

सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। इस आगजनी से सुरेश, सजन सिंह, हरिप्रसाद और कमल सिंह नामक ग्रामीणों को नुकसान हुआ है।

फायर ब्रिगेड टीम के सदस्य शफीक खान ने बताया कि उन्हें निपानिया खुर्द में खेत में खड़ी गेहूं की फसल में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड टीम तत्काल मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।बताया गया है कि खेत में आग लगी देखकर ग्रामीणों ने पहले अपने स्तर पर भी आग बुझाने का प्रयास किया था।

इसी दौरान उन्होंने फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी। फायर ब्रिगेड टीम ने ग्रामीणों की सहायता से आग पर पूरी तरह नियंत्रण कर लिया।आग लगने का कारण अभी ज्ञात नहीं हो सका है।

# नेशनल हाईवे-46 पर हुआ सड़क हादसा एक युवक की मौत, तीन लोग गंभीर घायल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुधनी

रंग पंचमी के त्योहार के बीच रविवार शाम नेशनल हाईवे-46 पर गडरिया नाले के ओवरब्रिज पर भीषण सड़क हादसा हो गया।

घटना लगभग 8 बजे की बताई जा रही है तेज रफ्तार होंडा अमेज कार अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे वाहन से टकरा गई हादसा इतना गंभीर था कि कार में सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए टक्कर के बाद कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कार में सवार चारों युवक नर्मदापुरम से भोपाल की ओर जा रहे थे कार में सवार तीन लोग मंडीदीप और एक बरेली (जिला रायसेन) का निवासी बताया जा रहा है हादसे में मनीष उर्फ मिंटू वर्मा (36) पुत्र हुकुमचंद निवासी मंडीदीप की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं हादसे में कृष्णकांत वर्मा पुत्र हेमराज30वर्ष निवासी मंडीदीप, देवेंद्र विश्वकर्मा पुत्र धनराज सिंह 35वर्ष निवासी मंडीदीप तथा दीपेश शर्मा पुत्र महेश शर्मा36वर्ष निवासी बरेली जिला रायसेन (वर्तमान में भोपाल निवासी) गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को 1033 एंबुलेंस के माध्यम से सिविल अस्पताल बुधनी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल युवकों को मधुबन अस्पताल तथा जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही एसडीओपी रवि शर्मा और उप निरीक्षक संदीप जाट पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। सोमवार सुबह सिविल अस्पताल में मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया हादसे की खबर मिलते ही देर रात तक अस्पताल में लोगों की भारी भीड़ लगी रही फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### बुंदेलखंडीय कुर्मी क्षत्रिय गौर समाज का त्रैवार्षिक अधिवेशन आयोजित

# कुर्मी क्षत्रिय गौर समाज में शादी विवाह से पहले नहीं होगी प्री वेडिंग शूटिंग

## समाज में व्याप्त कुरीतियों पर अंकुश लगाने लिए 17 अहम निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा





बुन्देलखण्डीय कुर्मी क्षत्रिय गौर समाज का त्रैवार्षिक अधिवेशन सोमवार को हरदा स्थित समाज भवन में आयोजित किया गया। अधिवेशन में जिले भर से बड़ी संख्या में समाज के महिला और पुरुष सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम में सामाजिक एकता को मजबूत करने और समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

ग्राम इकाइयों के अध्यक्षों द्वारा अपने-अपने गांवों में आयोजित बैठकों में पारित प्रस्तावों को जिला संगठन को सौंपा गया। इन प्रस्तावों पर चर्चा के बाद जिला संगठन ने कुल 17 प्रस्तावों को पारित किया। अधिवेशन के दौरान समाज की महिलाओं ने भी मंच से अपने विचार व्यक्त करते हुए सामाजिक सुधारों में सक्रिय भूमिका निभाने की आवश्यकता बताई। समाज के जिलाध्यक्ष नर्मदा प्रसाद गौर ने अधिवेशन में पारित प्रस्तावों को उपस्थित समाजजनों के सामने पढ़कर सुनाया। कार्यक्रम में मंच पर संरक्षक मंडल के सदस्य प्रेम नारायण गौर, नर्मदा प्रसाद गौर, प्रदीप गौर, माखन प्रसाद गौर, लवकुश गौर, कुसुम गौर, साधना गौर मौजूद रहे। संचालन गोकुल प्रसाद गौर ने किया।

अधिवेशन में समाज के विभिन्न आयोजनों और परंपराओं में बढ़ती अनावश्यक खर्च और दिखावे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। समाज ने तय किया कि विवाह और अन्य सामाजिक कार्यक्रमों में डीजे नहीं बजाया जाएगा तथा समाज की महिलाएं सड़क पर नृत्य नहीं करेंगी। इसका उद्देश्य सामाजिक मर्यादा बनाए रखना और फिजूलखर्ची पर रोक लगाना बताया गया। सामूहिक विवाह को बढ़ावा देने के लिए यह निर्णय भी लिया गया कि यदि कोई पदाधिकारी सामूहिक विवाह में विवाह नहीं करता है तो उस पर 11 हजार रुपये तथा सामान्य स्थिति में 1100 रुपये की सहयोगी राशि ली जाएगी। समाज ने विवाह समारोहों में आडंबर और प्रतिस्पर्धा को कम करने के लिए यह भी तय किया कि शुभ कार्यक्रमों में वर-वधु के अलावा कोई अन्य व्यक्ति के आभूषण नहीं लाएगा। इसके साथ ही पगड़ी रस्म और डेल छुड़ाई जैसी परंपराओं को सीमित करने तथा मृत्यु भोज को सादा और सरल रूप में आयोजित करने पर सहमति बनी। विवाह समारोहों में चल रही लिफाफा प्रथा को भी बंद करने का निर्णय लिया गया। साथ ही यह भी तय किया गया कि शादी से पहले दूल्हा-दुल्हन का वीडियो शूट नहीं कराया जाएगा।

अधिवेशन में यह प्रस्ताव भी लिया कि यदि विवाह या सगाई का पंजीयन होने के बाद किसी कारण से रिश्ता टूटता है तो संबंधित पक्ष समाज की परामर्श समिति में आवेदन देकर समाधान की प्रक्रिया अपना सकेगा। निमंत्रण प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए यह निर्णय लिया गया कि दोनों पक्षों की सहमति से व्हाट्सएप के माध्यम से भी निमंत्रण भेजा जा सकेगा। इसके अलावा महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए पहले ग्राम स्तर पर महिला इकाइयों का गठन किया जाएगा और उसके बाद जिला स्तर पर महिला संगठन बनाया जाएगा। मायरा और बारात में अनावश्यक भीड़ और खर्च को कम करने के लिए सीमित वाहनों के उपयोग पर भी सहमति बनी। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि इन निर्णयों का उद्देश्य सामाजिक सुधार, सादगी और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करना है।

### सीहोर में रोजगार मेला 17 मार्च को

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 17 मार्च को डॉ. अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में सुबह 11 बजे युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा अनेक कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा और नये प्रकरण तैयार किए जाएंगे। इसी प्रकार आईटीआई विभाग द्वारा अप्रेंटिसशिप के लिए युवाओं को चयनित किया जाएगा।

### कलेक्टर ने नरवाई जलाने पर लगाया प्रतिबंध

**सीहोर।** कलेक्टर ने जिले में खेतों में नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाया है। जारी आदेशानुसार फसल कटाई के बाद अगली फसल की तैयारी के लिए कुछ किसानों द्वारा खेतों में आग लगाकर नरवाई नष्ट की जाती है, जिससे हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है और पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।